सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 180 | इंदौर, सोमवार 08 जनवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# 22 मंत्रियों को नहीं मिले सरकारी बंगले

◆ चुनाव हारे 12 मंत्रियों ने नहीं छोड़ा सरकारी बंगला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मप्र में मंत्रिमंडल का गठन के बाद मंत्रियों को दिए जाने वाले बंगलों को लेकर काफी जद्दोजहद चल रही है। कुछ पूर्व मंत्री ऐसे हैं, जिन्होंने अभी तक बंगले खाली नहीं किए हैं, ऐसे में नए मंत्रियों को बंगले आवंटित नहीं हो सके है। देखा जाए तो हुए 10 से ज्यादा दिन बीत चुके हैं, लेकिन 30 में से 22 मंत्रियों को अभी तक सरकारी बंगले नहीं मिले हैं। केवल आठ मंत्री ऐसे हैं जिनके पास पहले से बंगले हैं।**

दरअसल, मंत्रियों को बंगले अलॉट करने को लेकर गृह विभाग के सामने धर्म संकट है। शिवराज सरकार के 12 मंत्री चुनाव हार गए हैं, लेकिन अभी तक उन्होंने बंगले खाली नहीं किए हैं। इसी तरह पिछली सरकार के 10 मंत्री जिन्हें इस बार कैबिनेट में जगह नहीं मिली, उनके बंगले भी खाली नहीं हुए हैं। नियम के मुताबिक विधायक के तौर पर अब इन्हें विधानसभा पूल से मकान आवंटित किए जाएंगे। मगर यहां भी मुश्किल है। 22 विधायक चुनाव हार चुके हैं। उनके बंगलों के लिए 84 विधायकों ने आवेदन कर दिया है। बेटे और भाई का बंगला नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अपने बेटे आकाश विजयवर्गीय को आवंटित बंगले में रह रहे हैं तो पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल भाई जालम सिंह के बंगले में है। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह 10 दिसंबर से बीएचईएल के गेस्ट हाउस में रह रहे हैं, जबकि परिवहन व स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह को सर्किट हाउस में रहना पड़ रहा है। बाकी मंत्री एमएलए गेस्ट हाउस में हैं।



### ये बंगले किए थे आवंटित

डॉ. नरोत्तम मिश्रा, कमल पटेल सहित पिछली सरकार के 12 मंत्री चुनाव हार गए हैं। इन्हें बी और सी टाइप बंगले आवंटित किए गए थे। अब ये विधायक भी नहीं है। गृह विभाग ने बंगला खाली कराने के लिए इन्हें कोई नोटिस नहीं दिया है। केवल एक सूची तैयार कर मुख्यमंत्री सचिवालय भेज दी है। इस सूची में 14 बी टाइप और 8 सी टाइप बंगलों की डिटेल हैं। दरअसल, गृह विभाग मुख्यमंत्री के पास है और उनको ही इस पर फैसला लेना है।

### तीन बंगलों पर कई मंत्रियों की नजर

मंत्री अपनी पसंद का बंगला चाहते हैं। कई मंत्रियों ने मौखिक तौर पर गृह विभाग में अपनी डिमांड दर्ज करा दी है। चार इमली स्थित तीन बंगलों की डिमांड सबसे ज्यादा है। इनमें डॉ. नरोत्तम मिश्रा, कमल पटेल और भूपेंद्र सिंह रह रहे हैं।

## ढोल-ताशे बजाएं, कोई रोकेगा तो मैं देख लूंगा

### शिवराज ने कहा- लाड़ली बहनों को लखपति बनाने का अभियान चलाऊंगा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने डीजे-बैंड वालों से कहा- आप ढोल बजाओ, ताशे बजाओ, आप बैंड बजाओ... कोई रोक नहीं है, कोई रोकेगा तो मैं देख लूंगा। यह बात उन्होंने शनिवार शाम सीहोर के भैरुंदा में कही। पूर्व सीएम के इस बयान के बाद बैंड-बाजा संचालकों में खुशी देखने को मिली। भैरुंदा के डीजे, बैंड और ढोल-ताशों के संचालक मप्र सरकार के कोलाहल नियंत्रण नियम को लेकर उनसे मिलने पहुंचे थे।

बताया जा रहा है कि इस घटनाक्रम से ठीक एक दिन पहले यानी शुक्रवार को बुदनी विधानसभा क्षेत्र के डीजे संचालक भोपाल स्थित 74 बंगला पूर्वसीएम शिवराज से मिलने पहुंचे थे, जहां उन्होंने सरकार के लगाए गए प्रतिबंध से रोजी-रोटी छीनने की बात कही थी। पूर्व मुख्यमंत्री ने इन्हें आश्वस्त किया था कि आपके साथ कोई अन्याय नहीं होगा। डीजे संचालकों के मुताबिक उनकी मांग के बाद पूर्व सीएम ने कलेक्टर से मोबाइल पर बात भी की थी।

### गरीब के बच्चे शानदार स्कूल में पढ़ेंगे

समर्थकों ने पूर्व मुख्यमंत्री का मंच बनाकर स्वागत भी किया गया। इस दौरान शिवराज ने कहा कि लाड़ली बहना को लखपति बनाने का अभियान में चलाऊंगा। कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। भांजे-भांजियों की पढ़ाई के लिए शानदार सीएम राइज स्कूल बन रहा है। गरीब के बच्चे भी शानदार स्कूल में पढ़ेंगे, चिंता मत करना। शिवराज नगर परिषद भैरुंदा द्वारा आयोजित स्वागत कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां करीब 85 लाख के रोड स्वीपिंग मशीन व स्काई लिफ्ट मशीन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।


### साहब हमें एकदम बंद कर दिया

एक चिकन शॉप संचालक भी शिवराज के पास आवेदन लेकर पहुंचा। उसने कहा, साहब हमें एकदम बंद कर दिया गया है, जहां भी अनुमति के लिए जा रहे हैं, कोई सुन नहीं रहा। इस पर शिवराज ने कहा, मैं इस बारे में भी बात करूंगा।

## ठंड से अभी राहत नहीं : धर्मशाला-कटरा से भी ठंडे भोपाल, रायसेन-सागर, 11 शहरों में टेम्प्रेचर 20 डिग्री से कम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में कड़ाके की ठंड के कारण जनजीवन प्रभावित होने लगा है। पिछले सात दिन से लगातार मौसम सर्द है। भोपाल में तो चार दिन से धूप नहीं खिली। सोमवार सुबह कड़ाके की ठंड रही। घना कोहरा होने से विजिबिलिटी 10 मीटर रह गई। ग्वालियर, गुना, सागर, रायसेन, उज्जैन समेत कई शहरों में भी ऐसा ही मौसम है। इंदौर में तीन**



**दिन बाद धूप खिली। मौसम विभाग ने अगले 2 दिन में मालवा समेत आसपास के क्षेत्रों में ओले गिरने का अनुमान जताया है।**

रविवार को कहीं बारिश तो कहीं कोहरा छाया रहा, जबकि सर्द हवाओं से भी ठिठुरन बनी रही। स्थिति यह रही कि हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला और जम्मू के कटरा से भी ठंडे भोपाल, रायसेन और सागर रहे। वहीं, 11 शहरों में दिन का अधिकतम टेम्प्रेचर 20 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। सोमवार को भी ऐसा ही मौसम रहेगा। वेस्टर्न डिस्टरबेंस की एक्टिविटी से कोहरा, बारिश और ठंड पड़ेगी।

रविवार को भोपाल प्रदेश का दूसरा सबसे ठंडा शहर रहा। यहां दिन का तापमान 17.5 डिग्री दर्ज किया गया। रायसेन में अधिकतम टेम्प्रेचर 17.8 डिग्री और गुना में 18.8 डिग्री दर्ज किया गया। इससे पहले आधे प्रदेश में कोहरा और भोपाल-नर्मदापुरम में बूंदाबांदी होती रही।

मध्यप्रदेश और मध्यांचल भवन का किराया देना भूल गए माननीय ...

# जीतू पटवारी पर 12,200 तो जीतू जिराती का 2 हजार रुपए बकाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। राजनीति में अक्सर कहा जाता है कि नेताओं की जेबें खाली रहती हैं। इसका ताजा उदाहरण मप्र में सामने आया है। यहां के माननीय दिल्ली में स्थित मध्यप्रदेश और मध्यांचल भवन में ठहरे और खाए लेकिन उसका भुगतान करना भूल गए। विधानसभा चुनाव के दौरान मप्र भवन के अपर आवासीय आयुक्त प्रकाश उन्हाले ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन को पत्र लिखकर बकायेदार प्रत्याशियों की सूची भेजी थी। इसमें 200 रुपए से लेकर 2.65 लाख तक विधायकों से लेना बकाया था।

गौरतलब है कि मप्र के जनप्रतिनिधियों को आवास उपलब्ध कराने के लिए दिल्ली में मध्यप्रदेश और मध्यांचल भवन है। जब भी माननीय दिल्ली दौरे पर होते हैं वे यहां आकर ठहरते हैं। यहां ठहरने और खाने का बहुत कम पैसा लिया जाता है। इसके बावजूद कई विधायकों, पूर्व विधायकों, पूर्व मंत्रियों, मंत्रियों ने पैसा जमा नहीं कराया। पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसौदिया पर सबसे ज्यादा 2,65,200 रुपए बकाया हैं। मप्र भवन के अपर आवासीय आयुक्त प्रकाश उन्हाले ने विधानसभा चुनाव से पहले मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन को पत्र लिखकर बकायेदार प्रत्याशियों की सूची भेजी थी। इसमें 200 रुपए से लेकर 2.65 लाख तक विधायकों से लेना बकाया था। हाल ही में इंदौर में बकाया वसूली की फाइल चल पड़ी। फेहरिस्त में दो पूर्व विधायक हैं। दोनों ही राऊ के हैं। जीतू पटवारी पर 12,200 तो जीतू जिराती को महज 2 हजार रुपए देने हैं। अब दोनों से बकाया राशि जमा कराने का आग्रह किया जाएगा।

मध्यप्रदेश भवन व मध्यांचल भवन में प्रदेश के अतिथि जैसे राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक, पूर्व विधायक व राजनीतिक दलों के सदस्यों आदि को आवास उपलब्ध कर किराया लिया जाता है। दोनों भवनों में कुछ अतिथियों का किराया वर्षों से लंबित है। दिल्ली से कई बार बकायादारों को फोन कर सूचना दी। पत्र भी लिखे गए, लेकिन पैसे जमा नहीं हुए। कुछ ने तो देने से भी इनकार कर दिया। इसके चलते अब प्रशासनिक स्तर से पैसा वसूल किया जाना है। जांच के दौरान जिन्होंने पैसा जमा कर दिया है उनकी जानकारी भोपाल भेजी जाएगी। प्रदेश में सबसे अधिक पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसौदिया पर बकाया है। उन पर 2,65,200 रूपए बकाया है। इनके अलावा नारायण त्रिपाठी पर 1,85,550, दिलीप गुर्जर पर 68,000, जगदीश देवड़ा पर 29,000, बाला बच्चन पर 15,600, एचएस बब्बू पर 14,200, ओपी सकलेचा पर 13,000, बीएस यादव पर 13,000, मनोज अग्रवाल पर 12,200, जीतू पटवारी पर 2,200 और कुणाल चौधरी पर 10,500 रूपए बकाया है।

## प्रभात फेरी में मर्डर केस में बजरंग दल का प्रदर्शन

### कार्यकर्ता और रहवासी तख्तियां लेकर राजवाड़ा पहुंचे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के रणजीत हनुमान प्रभात फेरी के दौरान शुभम रघुवंशी की हत्या के मामले में रविवार को बजरंग दल ने राजवाड़ा स्थित कृष्णपुरा छत्री पर प्रदर्शन किया। बजरंग दल कार्यकर्ता राजबाड़ा पर हाथ में शुभम रघुवंशी के फोटो लगी तख्तियां लेकर पहुंचे।**

तख्तियों पर लिखा था हमारा युद्ध नशे के विरुद्ध। उन्होंने प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि शहर भर में नशे ने काफी पैर पसारे हैं। जिसका शिकार युवा हो रहे हैं। हालांकि सुबह अचानक पहुंचे बजरंगियों से बात करने के लिये यहां पुलिस व प्रशासन का एक भी अफसर मौजूद नहीं था।

### हत्यारों को फांसी देने की मांग

शुभम की हत्या में पकड़ाए हत्यारों को बजरंगी फांसी देने की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि परिवार को प्रशासन उचित मुआवजा भी दिलवाए। शुभम के बारे में बताया कि वह बजरंग दल के साथ एक अच्छा स्वयं सेवक भी था। इलाके में कई लोगों की मदद करता था। मामूली कहासुनी में उसकी बेरहमी से चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी।

## नॉनवेज-शराब की दुकानों को बंद रखने के लिए उठी आवाज

### ◆ शहर में निगम दे अस्थाई पटाखा बाजार की अनुमति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अयोध्या में भगवान राम के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मौके पर पूरा इंदौर को राम मय करने के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है । इन तैयारी के तहत यह मांग की गई है कि 22 जनवरी को शहर में नॉनवेज की सभी दुकानों को बंद कर दिया जाए । शराब की सभी दुकानों को बंद कर दिया जाए । इंदौर नगर निगम के द्वारा अस्थाई पटाखा मार्केट खोलने के लिए** अनुमति दी जाए ।

इस आयोजन के मौके पर सारे शहर में बिजली की सज्जा करने, भगवा ध्वज लगाने, मिठाई वितरण, भंडारा करने जैसे कार्यक्रम तो खूब होंगे । इसके साथ ही वीडियो को संचालित करने के लिए जिला प्रशासन और राज्य शासन के समक्ष मांग रखी गई है । प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की उपस्थिति में कल आयोजित की गई विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी की बैठक में यह मांग उठाई गई ।

### दुकानें बंद करने के लिए प्रशासन आदेश जारी करें

इस बैठक में कहा गया कि जिस दिन राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जा रहा है उस दिन इंदौर शहर में मांस मटन चिकन की सभी दुकान होटल बंद कर दी जाना चाहिए । इस बारे में प्रशासन की ओर से आदेश जारी हो जाना चाहिए । इसके साथ ही कुछ प्रतिनिधियों के द्वारा इस दिन शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में सभी शराब की दुकानों को भी बंद करने की मांग उठाई गई । यह मांग भी की गई कि इस दिन ड्राइ डे घोषित कर दिया जाए ।

### आयोजन के लिए दी जाए अनुमति

बैठक में कहां गया कि जिस तरफ से दीपावली के मौके पर इंदौर नगर निगम के द्वारा खेरची पटाका विक्रेताओं को अपनी दुकान लगाने के लिए अनुमति जारी की जाती है । इस तरह की अनुमति इस आयोजन के मौके पर भी जारी की जाए । जब यह दुकान लगेगी तभी लोग इन दुकानों से पटाखे खरीद सकेंगे और अपने घरों में आतिशबाजी कर सकेंगे ।

### हर साल के लिए कर दो अवकाश घोषित

इस बैठक में यह मांग भी की गई की केंद्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा एक आदेश जारी कर 22 जनवरी को पूरे प्रदेश और पूरे देश में सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया जाए । इस दिन सभी शिक्षण संस्थाएं बंद रहे । इस दिन सभी सरकारी कार्यालय बंद रहे और इस दिन को भगवान राम के उत्सव दिवस के रूप में पूरे देश में मनाया जाए ।

कटाक्ष




## दीदी मां मंदाकिनी के सानिध्य में रामकथा महोत्सव शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला के मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा ही नहीं हो रही, बल्कि यह राम राज्य की पुनर्स्थापना का शंखनाद है। रामराज्य में जिस तरह न कोई दीन था, न कोई दुखी और न ही कोई गरीब। यदि आज एक बार फिर देश में राम राज्य की स्थापना के लिए हम सब अभिलाषी हैं तो सबसे पहले भरत और हनुमानजी जैसे आदर्श चरित्र भी तैयार करना पड़ेंगे, तभी राम राज्य की नींव मजबूत बन सकेगी। युग तुलसी रामकिंकर महाराज की उत्तराधिकारी, रामायणम अयोध्या की प्रमुख एवं कनक भवन की अध्यक्ष दीदी मां मंदाकिनी ने रविवार को स्कीम 51 स्थित माता मंदिर बगीचे में पांच दिवसीय राम कथा महोत्सव के शुभारंभ सत्र में उक्त दिव्य विचार व्यक्त किए। इसके पूर्व संगम नगर स्थित जैन मंदिर के पास, संत निवास से निकली भव्य शोभायात्रा में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु परम्परागत परिधान में भजनों की धुनों पर नाचते-गाते हुए शामिल हुए। शोभायात्रा जैन मंदिर से स्कीम 51 पुलिस चौकी के सामने से महोत्सव स्थल पहुंची, जहां आयोजन समिति की ओर से वरिष्ठ समाजसेवी प्रेचमंद गोयल को मार्गदर्शन में अनूप जोशी, अरविंद गुप्ता, पार्षद पराग कौशल, गोविंदसिंह पंवार, गिरेन्द्रसिंह भदौरिया, सुरेन्द्र वाजपेयी, लोकेश अवस्थी, राहुल लांभाते, अमित बंटू शुक्ला एवं आचार्य श्री अंकित व्यास सहित सैकड़ों बंधुओं ने दीदी मां का स्वागत कर रामचरित मानस का पूजन किया।

## नि :शुल्क भव्य नैत्र एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जैन श्वेताम्बर सोश्यल ग्रुप सीनियर सिटीजन, चोइथराम नैत्रालय (धार रोड़) इन्दौर मे. लखनलाल कांतिलाल एण्ड कम्पनी एवं सुनकर समाज के संयुक्त तत्वावधान में नेत्र शिविर लगाया शिविर संयोजक अनोखी लाल जैन ने बताया कि 310 मरीजों ने शिविर का लाभ लिया 25 मरीजों के मोतियाबिंद आपरेशन हेतु चयन किया गया 200 लोगों को नजर के चश्मे दिए गए आपरेशन निशुल्क होंगे इस शिविर के मुख्य लाभार्थी श्री कांतिलालजी-स्नेहलताजी, पुनीतज-क्षमा निशिका, त्रिशा लसोड़ (जैन) परिवार, 83, विद्या नगर (जानकी नगर) थे ।

# जहां सेवा की उत्कृष्ट भावना है, वहीं श्री राम हैं : साध्वी ऋतम्भरा देवी

## पावन अयोध्या में नवनिर्मित भव्य श्री राममंदिर राष्ट्र निर्माण का परिचायक है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। 22 जनवरी को होने वाले इस ऐतिहासिक अवसर को माध्यम बनाते हुए सेवा भारती इंदौर ने श्री राम के आदर्शों का अनुसरण करके जुलाई माह में हमेरी बस्ती मेरी अयोध्याह्र का संकल्प लिया , जिसमें इंदौर महानगर की ऐसी चयनित 353 बस्तियाँ जहां सेवा कार्यों की आवश्यकता थी, वहां समाज के उत्थान व प्रगति के लिए सेवा भारती के चारों आयाम प्तशिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन एवं सामाजिक, से संबंधित विभिन्न सेवा गतिविधियां प्रारंभ करने का लक्ष्य दिसम्बर माह तक प्राप्त कर लिया । वर्तमान में सेवा भारती द्वारा इन बस्तियों में कुल 722 सेवा गतिविधियां संचालित हो रही हैं ।**

इन सभी गतिविधियों के संचालन केंद्रों के पालक, संचालक/संचालिका तथा केंद्रों पर आने वाले बच्चों का सामूहिक एकत्रीकरण कार्यक्रम श्री रामोत्सव के रूप में 7 जनवरी रविवार को चिमनबाग मैदान में सांय 4 बजे आयोजित हुआ।

शंखनाद के साथ शुरू हुआ रामोत्सव, ढोल मंजीरों की गूँज के साथ आई बस्तियों से टोलियाँ, बस्तियों के 650 बच्चों ने दी प्रस्तुतियां ।

इन बच्चों व इनके शिक्षक/शिक्षिकाओं की 3 महीनों से चल रही मेहनत, लगन व अभ्यास का परिणाम इंदौरवासियों को नियुद्ध , बाल अभिनय , अखाड़ा प्रदर्शन , नृत्य व सामूहिक भजन जैसी मनमोहक प्रस्तुतियों के रूप में देखने को मिला।

आठ हजार से अधिक की संख्या में उपस्थित दर्शकगणों को मिला दीदी माँ का आशीर्वाद

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता पूज्या साध्वी ऋतम्भरा देवी ने अपने ओजस्वी उद्बोधन से दर्शकों को भावुक कर दिया।

### जहाँ सेवा की उत्कृष्ट भावना है, वहीं श्री राम हैं

उन्होंने कहा कि जिस दिन हमारा जीवन मर्यादित, शिक्षित व संस्कारित होगा उस दिन राम राज्य भी आ जाएगा। सेवा भारती के कार्यों की प्रशंसा करते हुए दीदी माँ ने कहा कि आज समाज में व्याप्त विद्वेष को दूर करने में सेवा भारती की प्रेम यात्रा ही काम आएगी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उद्योगपति पवन सिंघानिया ( मोयरा सरिया ) थे। अन्य मंचासीन प्रान्त संघचालक प्रकाश शास्त्री एवं डॉ मुकेश मोड ( विभाग संघचालक ,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ) थे। आभार सेवा भारती इंदौर अध्यक्ष मुकेश हजेला द्वारा प्रकट किया गया।

### साध्वी ऋतंभरा ने इंदौर में कहा- रामजी को काल्पनिक कहने वाले आज कहां हैं?

इंदौर। आनंद का अवसर आया है। हमारे रामजी 22 जनवरी को अयोध्या आ रहे हैं। इस दिन के लिए कई माताओं ने अपने लाल खोए हैं। रामजी को काल्पनिक कहने वाले आ कहां हैं, पता लगाएं। ये बातें रविवार को इंदौर में साध्वी ऋतंभरा ने कही। वे संस्था सेवा भारती द्वारा चिमनबाग मैदान पर आयोजित ह्यसबके राम सब में रामह्न कार्यक्रम में शामिल हुई। साध्वी ने कहा, अयोध्या राम मंदिर के लिए कई माताओं ने अपने लाल खोए हैं। सत्य की जीत हमेशा होती रहेगी। रामजी के सत्य को कोई झुठला नहीं सकता।

# प्रभातफेरी में हत्या मामले में 3 और गिरफ्तार

## बजरंग दल के प्रदर्शन के बाद एक्शन में पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रणजीत हनुमान मंदिर प्रभात फेरी में शुभम रघुवंशी की हत्या के बाद तीन ओर आरोपीयो को गिरफ्तार कर चुकी है। तीन दिन बाद रविवार को शुभम की हत्या के विरोध में राजवाड़ा पर बजरंग दल के प्रदर्शन के बाद पुलिस फिर सक्रिय हो गई है। पुलिस ने दो और आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर निर्देश दिए हैं। इसके बाद पुलिस दोनों की तलाश में जुट गई है। इससे पहले एक पार्षद के भतीजे को राजनीतिक दबाव के चलते छोड़ चुकी है।**

अन्नपूर्णा पुलिस और क्राइम ब्रांच अब तक यश, युवराज, कपिल यादव और कृष्णा प्रजापति को पकड़ चुकी है। तीन आरोपी हिंमाशु, राहुल चौकसे और ऋषभ पाल को हिरासत रविवार को लिया है। रविवार को बजरंग दल के प्रदर्शन के बाद क्राइम ब्रांच और अन्नपूर्णा थाने की टीम फिर एक्टिव हो गई है।

**पार्षद के भतीजे को लेकर राजनीति तेज-** जानकारी के मुताबिक शुभम रघुवंशी की हत्याकांड में कालू यादव पुत्र बाबू यादव निवासी भागीरथपुरा का नाम भी सामने आया। कालू की महिला पार्षद का भतीजा है। हत्याकांड के पहले वह भी शुभम के गुट से भिड़ रहा है।

कृष्णा प्रजापति के पकड़ाने के बाद उसकी भूमिका सामने आई है। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने कालू को पकड़ लिया, लेकिन बीजेपी के एक बड़े नेता के हस्तक्षेप के बाद उसे छोड़ना पड़ा। लेकिन बजरंग दल और संघ के बड़े नेताओं को इस बारे में जानकारी लगी तो उन्होंने सीएम मोहन यादव तक मामले की जानकारी पहुंचा दी। तब पुलिस ने कालू यादव को गिरफ्तार कर आरोपी बनाने की बात की गई। भाजपा नेता के दबाव में कालू को छोड़ने के बाद पुलिस एक बार फिर उसकी तलाश में जुट गई है। सोशल मीडिया पर वायरल दो में से एक वीडियो में काले रंग की हाफ जैकेट में मारपीट करते दिख रहे बदमाश की पहचान कृष्णा प्रजापति उर्फ कालू के रूप में की गई है।

# संस्कृत कॉलेज में सैकड़ों ज्योतिष और वास्तुविदों का जमावड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। शासकीय संस्कृत महाविद्यालय इंदौर में ज्योतिष एवं वास्तु विषय पर आधारित एक दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी रविवार सर्द हवाओ के बीच शुरू हुई , इसमें देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्राध्यापक, शोधार्थी तथा ज्योतिष- वास्तु के विद्वान समसामयिक विषयों पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए, सुबह से शाम तक वेद रिचाओं की सूक्तियां, संस्कृत, मानस की चौपाइयां से माहौल गूंज मान रहा।**

संगोष्ठी के संयोजक पं. योगेंद्र महंत, समन्वयक आचार्य गोपालदास बैरागी तथा डॉ अभिषेक पांडेय ने बताया कि ने बताया कि इंदौर के तपस्वी सन्तों के सान्निध्य में आयोजन शुरू किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि विधायक उषा ठाकुर प्राचार्य डॉ.तृप्ति जोशी थी। ।मुख्य वक्ता महर्षि महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के चेयरमैन भरत बैरागी (केबिनेट मंत्री दर्जा) तथा विक्रम विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग के अध्यक्ष आचार्य राजेश्वर शास्त्री मुसलगांवकर रहें। अध्यक्षता महर्षि पाणिनि संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय मेनन प्रमुख रूप से अपना मार्गदर्शन कार्यक्रम में दियां। समापन सत्र के मुख्य अतिथि तिरुपति विश्वविद्यालय के आचार्य कृष्णकांत भार्गव थे। । विशेष अतिथि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ राजेश वर्मा,, मप्र ज्योतिष संघ के अध्यक्ष रामचन्द्र शर्मा वैदिक, संगोष्ठी निदेशक डॉ. विनायक पाण्डेय, कृपाराम उपाध्याय (भोपाल) आदि ने महत्वपूर्ण जानकारी दी और जिज्ञासाओं को शांत किया ज्योतिष के भ्रम को दूर किया।

# किराना दुकान में तोड़फोड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बदमाशों ने एक किराना दुकान में तोडफ़ोड़ कर किराना दुकान संचालक पर हमला किया। दुकान संचालक ने पहले भी बदमाशों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी। बदमाशों ने इससे नाराज होकर फरियादी के बेटे को भी धमकी दी। फरियादी दोबारा थाने पहुंचा तो बदमाश उसकी दुकान पर जा पहुंचे।**

जानकारी के अनुसार हरिओम पिता भागीरथ साहू निवासी धर्मराज कॉलोनी की शिकायत पर एरोड्रम पुलिस ने आरोपी अनिकेत,अंशुल और रुद्राक्ष के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। हरिओम ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा तनिश कोचिंग से शाम को घर आ रहा था, तभी आरोपी अनिकेत और उसके साथियों ने उसे रोका और धमकाया कि उसके पिता ने उनके खिलाफ जो रिपोर्ट लिखवाई है वह वापस ले ले नहीं तो जान से मार देंगे। हरिओम को उसके बेटे तनिश ने घर जाकर पूरी बात बताई तो वह दोबारा थाने पर शिकायत दर्ज करवाने पहुंचा। यह बात जब अनिकेत और उसके साथियों को पता लगी तो वह हरिओम की किराने की दुकान पर पहुंच गए। यहां परिवार को अपशब्द कहे, किराना दुकान में तोडफ़ोड़ की इतना ही नहीं फरियादी की बेटी और मां के साथ मारपीट भी की।

# इंदौर में बीआरटीएस लेन के उपर एलिवेटेड ब्रिज बनेगा,17 जनवरी को मुख्यमंत्री करेंगे भूमिपूजन

**इंदौर। बीते दस वर्षों से बीआरटीएस पर एलिवेटेड ब्रिज बनाने योजना ठंडे बस्ते में बड़ी थी, लेकिन अब उसके निर्माण का कवायद शुरू होगी। एलआईजी चौराहा से नवलखा तक बनने वाले ब्रिज के निर्माण की मियाद 2 साल तय की गई है। 17 जनवरी को मुख्यमंत्री मोहन यादव ब्रिज निर्माण का भूमिपूजन करेंगे।**

7.4 किलोमीटर लंबे ब्रिज की तीन भुजाएं होगी। पहली भुजा ग्रेटर कैलाश अस्पताल की तरफ रहेगी, जबकि दूसरी भुजा गीता भवन चौराहे पर मधुमिलन चौराहे की तरफ रहेगी। ब्रिज की तीसरी भुजा व्हाईट चर्च रोड पर रहेगी, जो पिपलियाहाना की तरफ होगी।

ब्रिज फोरलेन होगा, जबकि तीनों भुजाएं दो लेन रहेगी। ब्रिज की चौड़ाई 15.5 मीटर रहेगी। ब्रिज पर फुटपात नहीं होंगे। जो वाहन एलआईजी से सीधे भंवरकुआ चौराहा या राजीव गांधी चौराहा की तरफ जाते है। उन्हें इस एलिवेटेड ब्रिज से काफी आसानी हो जाएगी।



**12 साल पहले मिली थी मंजूरी-** 12 साल पहले तत्कालीन केंद्रीय मंत्री कमल नाथ ने एलिवेटेड ब्रिज के लिए 100 करोड़ रुपये मंजूर किए थे,लेकिन तब बीआरटीएस रोड भी बनाने की मंजूरी मिल गई थी, इस कारण एलिवेटेड ब्रिज की योजना पर काम नहीं हुआ। लोक निर्माण विभाग ने ब्रिज के लिए सर्वे भी करा लिया था। बाद में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इस योजना को फिर सैद्धांतिक मंजूरी दी थी। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इस ब्रिज के निर्माण को जल्दी से जल्द पूरा किया जाएगा। दो साल की समयसीमा इसके लिए तय की है।

## शीतलहर के कारण इंदौर के स्कूलों में छुट्टी की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कांग्रेस के पूर्व विधायक संजय शुक्ला ने वर्तमान में चल रही तेज शीत लहर को देखते हुए स्कूलों की एक सप्ताह के लिए छुट्टी घोषित किए जाने की मांग की है। शुक्ला के द्वारा इंदौर कलेक्टर को भेजे गए एक पत्र में कहा गया है कि इस समय जमकर शीतलहर चल रही है। सुबह घना कोहरा छाया रहता है। साथ ही तेज हवा भी चल रही है। जिसके चलते लोग कंपकंपा रहे हैं। ऐसे में इस समय दोपहर तक ठंड जस की तस बनी रहती है। जरा भी धूप नहीं निकल रही है। ऐसे में यह आवश्यक है कि एक सप्ताह के लिए अवकाश घोषित कर देना चाहिए।

## अभ्यास मंडल के चुनाव संपन्न हुए

**इंदौर।** शहर की पुरानी सामाजिक संस्था अभ्यास मंडल के चुनाव रविवार को संपन्न हुए। जिसमें अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता, उपाध्यक्ष अशोक कोठारी और सचिव मालासिंह ठाकुर सहित 13 नए सदस्यीय कार्यकारिणी चुने गए। इसमें चुनाव अधिकारी श्यामसुंदर यादव और हरेराम वाजपाई थे। अभ्यास मंडल द्वारा इस वर्ष में 35 कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें संवाद, शहर से जुड़ी समस्याएं को लेकर सीमित साधनों में किए गए कार्यक्रम की सबने तारीफ की। कार्यक्रम में डॉ. गौतम कोठारी, डॉ. शंकरलाल गर्ग, मनोहर देव, नूर मोहम्मद कुरैशी, अजिंक्य डगांवकर, अलोक खरे, श्याम पांडे सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपने विचार रखे।

प्रदेश में कांग्रेस की चुनाव समिति घोषित

# पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी में कमलनाथ-नकुलनाथ, दिग्विजय-जयवर्धन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस अब लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। कांग्रेस ने प्रदेश चुनाव समिति और पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी का गठन किया है। दोनों कमेटियों की बैठकें सोमवार को बुलाई गई हैं। सुबह 11.30 बजे चुनाव समिति, दोपहर 12.30 बजे पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक होगी।**



प्रदेश चुनाव समिति में जीतू पटवारी को अध्यक्ष बनाया है। इस समिति में 34 सदस्य शामिल हैं। पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी का अध्यक्ष प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह को बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी इस समिति के कन्वीनर होंगे।

खास बात यह है कि पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी में पूर्व सीएम कमलनाथ, उनके बेटे नकुलनाथ, पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह और उनके बेटे जयवर्धन सिंह शामिल किया गया है। इस पर बीजेपी ने परिवारवाद को लेकर कांग्रेस पर तंज कसा है।

पिछले साल जनवरी में ही कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मध्यप्रदेश कांग्रेस की पॉलिटिकल अफेयर कमेटी का गठन किया था। इस कमेटी में भी कमलनाथ और उनके बेटे नकुलनाथ शामिल थे। 21 सदस्यीय कमेटी में पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह भी सदस्य थे।

### बीजेपी का तंज- कांग्रेस में आज भी नाथ और सिंह परिवार की ही चलेगी

कांग्रेस की इन समितियों पर बीजेपी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने तंज कसा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा- ह्यइधर जीतू पटवारी जी ह्यकमलनाथ और दिग्विजय कांग्रेसह्न का सीमांकन करते रह गए, उधर हाईकमान ने उनकी ही जमीन नाप दी..

मध्यप्रदेश कांग्रेस की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी में दिग्विजय सिंह और कमलनाथ के साथ उनके बेटों को भी शामिल कर हाईकमान ने स्पष्ट संदेश दे दिया कि मध्यप्रदेश में आज भी ह्यनाथ और सिंहह्न परिवार की ही चलेगी, पटवारी जी तो केवल नई पीढ़ी को लुभाने और खर्चा चलाने के लिए बैठाए गए हैं।

उन्होंने आगे लिखा- जीतू पटवारी जी, आप कितनी भी कोशिश कर लीजिए कमलनाथ कांग्रेस और दिग्विजय कांग्रेस को निपटाने की, लेकिन ये बाप-बेटा कांग्रेस है, जो 10 जनपथ से संस्कारित होकर परिवारवाद की पोषित परंपरा को जीवंत रखने के लिए काम करती है।

# लपटों में घिरा परिवार, घबराकर कूदी लड़की की मौत

### दो मंजिला मकान में लगी आग, मां और भाई बेहोश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर।** सागर में दो मंजिला मकान में आग लगने से एक परिवार लपटों के बीच घिर गया। घबराहट में 13 साल की लड़की दूसरी मंजिल से नीचे कूद गई। जिससे उसकी मौत हो गई। लड़की की मां और भाई बेहोश हो गए। घटना रविवार अल सुबह करीब 3.30 बजे की है। आग पर सुबह 6 बजे तक काबू पाया जा सका।

घटना शहर के रामपुरा वार्ड में बसेता वाली की है। यहां अशोक जैन के मकान के ग्राउंड फ्लोर पर फोटोकॉपी की शॉप है। दूसरे फ्लोर पर परिवार रहता है। इसी मकान के बगल से उनका एक और मकान है। तीन दिन पहले ही पुणे से उनकी बेटी अमृता जैन अपने बच्चों एंजल (13) और यश के साथ सागर आई थी।

अमृता, उनके दोनों बच्चे और भाई सुरेंद्र जैन मकान के दूसरे फ्लोर पर सो रहे थे। परिवार के बाकी लोग दूसरे मकान में थे। तभी फोटोकॉपी शॉप में आग लगने से धुआं उठने लगा। जिससे अमृता और बाकी लोगों की नींद खुली। उन्होंने शॉप से लपटें उठती देख शोर मचाया। इसी बीच एंजल ने घबराहट में बचने के लिए छलांग लगा दी। आसपास के लोग उसे घायल हालत में अस्पताल ले गए। लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।

### शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका

इधर, अमृता और उनके बेटे यश धुएं के कारण बेहोश हो गए। सुरेंद्र ने दोनों को बगल से ही लगे दूसरे मकान में शिफ्ट किया। अब तक फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंच गई। 2 घंटे बाद आग पर काबू पा लिया गया। बाद में अमृता और उनके बेटे यश को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जांच अधिकारी पीयूष साहू ने बताया कि शुरूआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट सामने आ रहा है। हालांकि, मामले की जांच की जा रही है।

# रेत माफिया का हमला, टीआई समेत दो घायल

### ◆ घाट पर ट्रैक्टर छुड़ाकर भागे, पुलिस घर पहुंची तो टूट पड़ा परिवार



**शहडोल। शहडोल में रेत माफिया ने पुलिस पर हमला कर दिया। टीआई और एक आरक्षक घायल हुए हैं। मौके से दो आरोपी पकड़े गए हैं। घाट पर ट्रैक्टर छुड़ा ले जाने के बाद पुलिस माफिया के घर दबिश देने गई थी। यहां पूरा परिवार पुलिसकर्मियों पर टूट पड़ा। आरोपियों ने पुलिस पर ट्रैक्टर चढ़ाने की धमकी भी दी थी।**

शाम करीब 7 बजे खैरहा थाना पुलिस मझियार नदी के घाट पर अवैध रेत खनन कर रहे दबंगों को पकड़ने पहुंची। टीम में थाना प्रभारी दिलीप सिंह समेत तीन पुलिसकर्मी थे। उन्होंने रेत से भरे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए। संख्या में ज्यादा होने की वजह से दबंगों ने पुलिस से गालीगलौज करते हुए ट्रैक्टर छीन लिए और भाग निकले। इसके बाद तीनों पुलिसकर्मी थाने पहुंचे और मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी। आरोपियों की डिटेल खंगाली गई तो रेत खनन करने वालों का सरगना पुष्पेंद्र पांडेय निकला। उसका घर सिंघपुर में है। एसपी प्रतीक कुमार के निर्देश पर खैरहा और सिंघपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने देर रात पुष्पेंद्र के घर दबिश दी। पुलिस ने पुष्पेंद्र को पकड़ा तो उसके परिवार के धर्मेंद्र, दीपक और फलेंद्र सहित अन्य लोगों ने हमला कर दिया। खैरहा थाना प्रभारी दिलीप सिंह और एक आरक्षक घायल हो गए।

### परिजन ने थाने में भी किया हंगामा

सिंघपुर और खैरहा पुलिस ने एक महिला समेत पांच आरोपियों पर शासकीय कार्य में बाधा, गालीगलौज, मारपीट और बलवा करने का मामला दर्ज किया है। देर रात आरोपियों के बाकी परिजन सिंघपुर थाने पहुंचे और हंगामा करने लगे। पुलिस ने हलका बल प्रयोग कर उनको थाने से बाहर किया। एएसपी अंजुलता पटले ने बताया, ह्यदोनों थानों में अलग-अलग धाराओं के तहत आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। दो लोगों को अब तक पकड़ा है। ट्रैक्टर और फरार आरोपी की तलाश जारी है।

# ग्वालियर-गुना हिमाचल, उत्तराखंड से भी ठंडे

### ◆ प्रदेश में 12 जनवरी तक कोहरा, बारिश-सर्दी रहेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। नए साल में मध्यप्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। प्रदेश बारिश, सर्द हवाओं और कोहरे के आगोश में है। रविवार सुबह हरदा में तेज बारिश हुई। वहीं भोपाल और नर्मदापुरम में बूंदाबांदी हुई।**



ग्वालियर और गुना सबसे ठंडे हैं। यहां अधिकतम पारा 15 से 17 डिग्री सेल्सियस के बीच चल रहा है। दोनों ही शहर हिमाचल-उत्तराखंड के प्रमुख शहर- धर्मशाला, चंबा, मंडी और देहरादून से भी ठंडे हैं। इन शहरों में टेम्प्रेचर 17 डिग्री सेल्सियस से अधिक है। शनिवार को मध्यप्रदेश के 11 शहरों में टेम्प्रेचर 20त् सेल्सियस से कम रहा, जबकि रविवार को भोपाल-जबलपुर समेत 10 जिलों में बारिश और 22 जिलों में मध्यम से घना कोहरा रह सकता है।

मौसम विभाग, भोपाल के वैज्ञानिक एसएन साहू ने बताया कि प्रदेश में अगले कुछ दिन तक ऐसा ही मौसम रहेगा। बारिश का सिस्टम गुजरने के बावजूद कड़ाके की ठंड पड़ेगी। मध्यप्रदेश के हिल स्टेशन पचमढ़ी में शनिवार रात को घना कोहरा रहा। सैलानी अलाव जलाकर ठंड का मजा लेते नजर आए।

**बादल छंटने के बाद ठंड बढ़ेगी-** मौसम वैज्ञानिक साहू ने बताया, ह्यसाइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम उत्तर प्रदेश के ऊपर है। दूसरा इंडो साइक्लोनिक सकुर्लेशन राजस्थान के ऊपर है। वहीं, गुजरात से उत्तर प्रदेश तक ट्रफ लाइन गुजर रही है। इस वजह से मध्यप्रदेश का मौसम भी बदला हुआ है। 8 जनवरी को फिर एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है, जो 12 जनवरी तक रहेगा। इससे भी कोहरा और हल्की बारिश होने का अनुमान है।ह्नसाहू ने बताया कि सिस्टम के बाद बादल छंट जाएंगे। इससे उत्तरी हवाएं प्रदेश में आने लगेंगी। इसकी वजह से रात के टेम्प्रेचर में भी गिरावट आएगी।

# भोपाल के जिस हॉस्टल से 26 लड़कियां भागीं, वह जेलनुमा

### चारों तरफ जालियां लगीं; बच्ची बोली-मैडम ने लड्डू गोपाल विसर्जित करा दिए थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भोपाल-इंदौर हाईवे पर गांधी नगर से करीब 7 किलोमीटर आगे गांव तारा सेवनिया बसा है। यहीं आंचल चिल्ड्रन होम का संचालन बिना रजिस्ट्रेशन के हो रहा था। इसमें बड़े पैमाने पर बच्चियों और किशोरियों के धर्मांतरण की बात सामने आई है। प्रभु यीशु के जीवन से जुड़े प्रसंगों की तस्वीरें चिल्ड्रन होम परिसर, क्लास रूम और किचन में लगाई गई हैं। चिल्ड्रन होम का संचालन रेलवे चाइल्ड लाइन 1098 का संचालन करने वाली संस्था संजीवनी सर्विसेस सोसाइटी कर रही थी। यह खुलासा पुलिस और प्रशासन की शुरूआती जांच में हुआ है।

प्रशासन की रिपोर्ट के मुताबिक, चिल्ड्रन होम बिल्डिंग का लोकार्पण फरवरी 2020 में हुआ था। बिल्डिंग रेलवे चाइल्ड लाइन 1098 के संचालक अनिल मैथ्यू की जमीन पर बनी है। वही इसका संचालन करता था। करीब 4 एकड़ एरिया में बने चिल्ड्रन होम में ईसाई समुदाय की आंचल माता का मंदिर भी बना है। यहीं रोजाना बच्चियां प्रभु यीशु की प्रार्थना करती थीं।

प्रवेश द्वार मुख्य बिल्डिंग से करीब 100 मीटर दूर है। पूरा हॉस्टल चारों तरफ से पैक है। देखने में किसी जेल जैसा नजर आता है। यही नहीं, बिल्डिंग के मुख्य गेट पर हमेशा ताला लगा रहता है। किसी बाहरी व्यक्ति की एंट्री बैन रहती थी। ग्रामीणों की मानें तो बाहर कभी कोई घूमता हुआ भी नजर नहीं आता था।

**क्रिसमस पर निभाया था मरियम-जोसेफ का किरदार-** आंचल चिल्ड्रन होम से रेस्क्यू की गईं 41 बच्चियों में से 2 बच्चियां अनाथ और 4 आंशिक अनाथ (मां-पिता में एक की मौत) हैं। शेष 35 बच्चियों के पैरेंट्स जीवित हैं। बावजूद इसके उन्हें पैरेंट्स से अलग चिल्ड्रन होम में रखा जा रहा था। आंचल चिल्ड्रन होम में बीते महीने 25 दिसंबर को क्रिसमस का कार्यक्रम हुआ था। इस दौरान यहां एक प्ले हुआ था, जिसमें यहां रहने वाली एक किशोरी ने ईसा मसीह की मां मरियम और दूसरी लड़की ने जोसेफ का किरदार निभाया था।

**बैग और बुक्स उठाने तक का मौका नहीं दिया-** रेलवे चाइल्ड लाइन 1098 द्वारा रेस्क्यू किए गए बच्चों में से लड़कियों को बाल कल्याण समिति के सामने पेश नहीं किया जाता था। उन्हें आंचल चिल्ड्रन होम में अवैध तरीके से रखा जाता था। इसकी पुष्टि करने के लिए परवलिया सड़क थाना पुलिस आंचल चिल्ड्रन होम के संचालक अनिल मैथ्यू सहित दूसरे कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है।

New Delhi

# बिलकिस बानो के सभी 11 दोषियों को फिर जाना होगा जेल, सुप्रीम कोर्ट ने रद्द की सरकारी सजा माफी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** गुजरात के बिलकिस बानो केस में दोषियों की जल्द रिहाई के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुना दिया है. सुप्रीम कोर्ट ने दोषियों की रिहाई का फैसला रद्द कर दिया है. कोर्ट ने याचिका को सुनवाई योग्य माना है. SC ने कहा, महिला सम्मान की हकदार है. राज्य इस तरह का निर्णय लेने के लिए 'सक्षम नहीं' है और इसे 'धोखाधड़ी वाला कृत्य' करार दिया.

जस्टिस बीवी नागरथाना और उज्जल भुइयां की बेंच ने फैसला सुनाया और कहा, 11 दोषियों की जल्द रिहाई को चुनौती देने वाली बिलकिस बानो की याचिका वैध है. सुप्रीम कोर्ट का कहना था कि दोनों राज्यों (महाराष्ट्र-गुजरात) के लोअर कोर्ट और हाई कोर्ट फैसले ले चुके हैं. ऐसे में कोई आवश्यकता नहीं लगती है कि इसमें किसी तरह का दखल दिया जाए.



अगस्त 2022 में गुजरात सरकार ने बिलकिस बानो गैंगरेप केस में उम्रकैद की सजा पाए सभी 11 दोषियों को रिहा कर दिया था. दोषियों की रिहाई को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी. अब सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद बिलकिस के दोषियों को जेल जाना होगा.

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, इस कोर्ट के मई 2022 के आदेश पर हमारे निष्कर्ष हैं. प्रतिवादी संख्या 3 ने यह नहीं बताया कि गुजरात हाई कोर्ट ने सीआरपीसी की धारा 437 के तहत उसकी याचिका खारिज कर दी थी. प्रतिवादी संख्या 3 ने यह भी नहीं बताया था कि समयपूर्व रिहाई का आवेदन महाराष्ट्र में दायर किया गया था, ना कि गुजरात में.

Uttarpradesh

हवा में लटकी रोडवेज बस

## हाईवे पर ट्रक की टक्कर से हुआ ऐसा हादसा, अटक गईं 47 लोगों की सांसें, बाल-बाल बचे



**बरेली, (एजेंसी)** बरेली के फतेहगंज पूर्वी क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर रम्पुरा पुलिया के पास ट्रक की टक्कर के बाद पुलिया से टकराकर बस हवा में लटक गई। हादसा होते ही चीख-पुकार मच गई। बस में सवार 45 यात्री और चालक-परिचालक की बाल-बाल बचे। हादसे के बाद सभी को दूसरी बसों में बैठाकर गंतव्य के लिए रवाना किया गया। किसी को गंभीर चोट नहीं आई।

बरेली डिपो की बस 45 सवारियों को लेकर शाहजहांपुर की ओर जा रही थी। रम्पुरा पुलिया पर जैसे ही बस पहुंची पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर लगने से अनियंत्रित हुई बस पुलिया से टकराने के बाद हवा में लटक गई। हादसे के बाद सवारियों में चीख-पुकार मच गई। 47 लोगों की सांसें अटक गईं।

स्थानीय लोगों की मदद से सवारियों को बस से बाहर निकाला गया। चालक शकील ने बताया कि हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। दूसरी बसों में बैठाकर यात्रियों को गंतव्य की ओर भेज दिया गया। परिचालक धर्मपाल ने डायल 112 पर हादसे की सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने टक्कर मारने के बाद भाग रहे ट्रक चालक को पकड़ लिया।

उचसिया मोड़ के पास कोहरे में एक कंटेनर अनियंत्रित होकर खाई में घुस गया। पीछे से आ रहा मटर भरा ट्रक भी कंटेनर से जा भिड़ा।

Uttarakhand

## अब सड़कों पर नहीं टिकेगी बर्फ, सुचारु रहेगा यातायात, लोक निर्माण विभाग ने तैयार किया ये प्लान

**शिमला, (एजेंसी)** हिमाचल में बर्फबारी वाले इलाकों में सड़कों पर यातायात बाधित नहीं होगा। सड़कों पर बर्फ न जमे, इसके लिए लोक निर्माण विभाग कैल्शियम क्लोराइड ब्राइन सॉल्यूशन की मदद लेगा। शिमला में इसका पहला प्रयोग होगा। लाखों रुपये की इस मशीन को शिमला में स्थापित किया जा रहा है। इसके सफल प्रयोग के बाद इसे अन्य बर्फीले क्षेत्रों में भी स्थापित किया जाएगा। हिमाचल में आमतौर पर दिसंबर से बर्फ पड़नी शुरू हो जाती है। यह बर्फ फरवरी महीने तक रहती है। हालांकि दिसंबर, 2023 में बर्फबारी नहीं हुई है लेकिन जनवरी में बर्फबारी की संभावना है। इसको देखते हुए लोक निर्माण विभाग तैयारियों में जुटा है। शिमला में यह मशीन आरटीओ कार्यालय के बाहर स्थापित की जा रही है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह सोमवार को इस मशीन का उद्घाटन करेंगे। लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर इन चीफ अजय गुप्ता ने बताया कि मशीन में बर्फ पिघलाने का कैमिकल तैयार होगा। इस कैमिकल को पिकअप के माध्यम से बर्फीले क्षेत्रों की सड़कों तक पहुंचाया जाएगा।

Uttarpradesh

## अंबेडकरनगर में सड़क हादसा, बाइक में आग से 2 जिंदा जले, मौत

**अंबेडकरनगर, (एजेंसी)** यूपी के अंबेडकरनगर में मालीपुर स्थानीय थाना क्षेत्र के गुवावां जमालपुर के पास रविवार को दूसरे पहर तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से मोटरसाइकिल आग का गोला बन गई। देखते ही देखते बाइक धू-धूकर जलने लगी और उस पर सवार दो लोगों की मौत हो गई। बाइक चला रहा युवक जहां जिंदा जलकर मौत के गाल में समा गया वहीं पीछे बैठा व्यक्ति झुलस गया था उसने अस्पताल में दम तोड़ दिया। रविवार को महेंद्रनाथ तिवारी (60) अपने रिश्तेदार राजन पांडेय (25) के साथ बाइक पर जमालपुर जा रहे थे। पिकअप की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल में आग लग गई। दोनों लोग जिंदा जल गए।

अलीगढ़ के खैर थाना क्षेत्र के गांव टेंटी रोड पर रविवार की देर रात सत्संग से लौट रही श्रद्धालुओं की मैक्स ट्रैक्टर से टकरा गई। हादसे में दो महिलाओं हादसे में नर्मदा देवी (65) व रामवती (45) की मौत हो गई। दर्जन भर से अधिक श्रद्धालू घायल हो गए। हादसा रात करीब दस बजे का है। खैर थाना क्षेत्र के गांव भारेड़ी से रविवार को ग्रामीण पलवल स्थित सत्संग में गए थे। रात को मैक्स सवार श्रद्धालु गांव भारेड़ी लौट रहे थे। मैक्स में करीब 21 लोग सवार थे। रास्ते में टेंटी गांव के पास पहुंचते ही मैक्स ट्रैक्टर से टकरा गई। भीषण हादसे में कई लोग घायल हुए।

हापुड़ में महिला को बचे हुए पैसे लौटाने की बजाए एक ऑटो चालक कई मीटर दूर तक ऑटो के साथ सड़क पर घसीटता हुआ ले गया। महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है।

खेल

# टी20 में हुई रोहित शर्मा की वापसी विराट कोहली को भी मिली जगह

नई दिल्ली। अफगानिस्तान के खिलाफ तीन टी20 मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान हो गया है। रोहित शर्मा और विराट कोहली की 13 महीनों बाद टी20 टीम में वापसी हुई है। रोहित शर्मा कप्तानी करेंगे। 2022 टी20 विश्व कप के बाद से न तो रोहित और न ही कोहली ने कोई अंतरराष्ट्रीय टी20 मैच खेला है। दोनों की वापसी से इतना तय माना जा रहा है कि आगामी टी20 विश्व कप में ये खेलते नजर आएंगे। अनुभवी खिलाड़ी हार्दिक पांड्या और सूर्यकुमार यादव के अलावा ऋतुराज गायकवाड़ को चोट के कारण नहीं चुना गया है।

टी20 सीरीज की शुरुआत 11 जनवरी को मोहाली में होगी। 14 जनवरी को दूसरा मुकाबला इंदौर में खेला जाएगा। उसके बाद तीसरा और आखिरी मैच 17 तारीख को बेंगलुरु में आयोजित होगा। जून में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम की यह आखिरी द्विपक्षीय टी20 सीरीज है।

सूर्यकुमार और हार्दिक दोनों के आईपीएल से वापसी की उम्मीद है। दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका में टी20 में भारत का नेतृत्व करने वाले सूर्यकुमार को जोहानसबर्ग में तीसरे और अंतिम मैच में फील्डिंग के दौरान टखने में चोट लग गई थी। हाल ही में उनके टखने की सर्जरी हुई है और उम्मीद है कि वह कुछ महीनों में ट्रेनिंग पर लौट आएंगे।



### अय्यर को नहीं मिली जगह, शिवम दुबे टीम में

श्रेयस अय्यर को टीम में मौका नहीं मिला है। इससे माना जा रहा है कि चयनकर्ता आगामी टी20 विश्व कप के लिए उनके नाम पर विचार नहीं कर रहे हैं। तिलक वर्मा और रिंकू सिंह जैसे युवाओं के अच्छे प्रदर्शन से ऐसा लगता है कि अय्यर को जून में होने वाले मेगा इवेंट में अपनी जगह बनाने के लिए संघर्ष करना होगा। इस सीरीज के लिए टीम में शिवम दुबे को शामिल किया गया है। उनका उपयोग हार्दिक पांड्या के स्थान को भरने के लिए किया जाएगा।

### विश्व कप में चोटिल हुए थे हार्दिक

अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज टी20 विश्व कप से पहले भारत की आखिरी द्विपक्षीय टी20 सीरीज है। चयनकर्ता चाहते होंगे कि उनकी पहली पसंद के सभी 15 खिलाड़ी चयन के लिए उपलब्ध हों, लेकिन ऐसा नहीं हो पाएगा। हार्दिक नवंबर में वनडे विश्व कप के दौरान पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ लीग मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। उसके बाद वह वापसी नहीं कर पाए हैं। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को आराम दिया गया है। दक्षिण अफ्रीका में हाल ही में समाप्त हुई दो मैचों की टेस्ट सीरीज में दोनों वास्तव में प्रभावशाली थे। टीम में तेज गेंदबाज के तौर पर अर्शदीप सिंह, आवेश खान और मुकेश कुमार को शामिल किया गया है।

**भारतीय टीमः** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह , आवेश खान, मुकेश कुमार।

सिनेमा

## पीएम मोदी के सपोर्ट में उतरा बॉलीवुड, सलमान-अक्षय ने की लक्षद्वीप टूरिज्म की तारीफ



जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लक्षद्वीप की यात्रा की है, तब से ये जगह दुनियाभर में ट्रेंड कर रही है. दुनियाभर में इसे लेकर बातें हो रही हैं. पीएम मोदी की तरह कई बॉलीवुड स्टार्स भी भारत के इस शहर का नाम ले रहे हैं और टूरिज्म को बढ़ावा देने की बात कर रहे हैं. ट्वीट कर बॉलीवुड सेलेब्स लोगों से रिक्वेस्ट कर रहे हैं कि विदेश की सैर करने से ज्यादा भारत की जगहों को एक्सप्लोर करें और भारतीय टूरिज्म को बढ़ावा दें. हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लक्षद्वीप को एक्सप्लोर किया था. तब से ही इसकी खासी चर्चा हो रही है. पीएम ने वहां की फोटोज शेयर कर बताया कि जो लोग एडवेंचर करना चाहते हैं, उनकी लिस्ट में लक्षद्वीप होना चाहिए. मैंने स्नॉर्कलिंग का प्रयास किया. यह आनंददायक अनुभव था. पीएम की रिक्वेस्ट को भला बॉलीवुड या देश कैसे नकार सकता है. दुनिया में जैसे ही मालदीव्स वर्सेज लक्षद्वीप की जंग छिड़ी तो बॉलीवुड के कई सेलेब्स ने भी ट्वीट कर जनता से अपील की और पीएम मोदी का साथ दिया. इसमें अक्षय कुमार, सलमान खान, श्रद्धा कपूर और जॉन अब्राहम जैसे कई सेलिब्रिटीज शामिल हैं. जॉन ने ट्वीट कर लिखा- अद्भुत भारतीय आतिथ्य, 'अतिथि देवो भवः' के विचार और विशाल समुद्री जीवन की खोज के साथ, सही मायने में लक्षद्वीप जाने लायक जगह है. सलमान खान ने भी इस मुहिम का समर्थन किया और लिखा- लक्षद्वीप के सुंदर, स्वच्छ और आश्चर्यजनक समुद्र तटों पर हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्रभाई मोदी को देखना बहुत अच्छा है. सबसे अच्छी बात ये है कि ये द्वीप हमारे भारत में है.

## संपादकीय

# हिंसा का सहारा

छिपी बात नहीं है कि पश्चिम बंगाल में ममता शासन में तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता कानून अपने हाथ में लेने से तनिक नहीं हिचकते। हर चीज का फैसला वे अपने ढंग से करना-कराना चाहते और इसके लिए खुलेआम हिंसा का सहारा लेते हैं। इसकी वजहें भी जाहिर हैं। खुद ममता बनर्जी अपने समर्थकों-कार्यकतारओं के उपद्रव, उद्दंडता और हिंसक गतिविधियों का बचाव करने उतर आती हैं। वे अपने कार्यकर्ता को छुड़ाने एक बार थाने तक में पहुंच गई थीं। पश्चिम बंगाल में राशन घोटाले से संबंधित एक आरोपी के घर प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी पहुंचे, तो वहां ताला बंद मिला। उन्होंने घर का ताला तोड़ने की कोशिश की। तभी अचानक बड़ी संख्या में ग्रामीण लोग जमा हो गए और जांच दल पर हमला बोल दिया। उनके साथ गए केंद्रीय बल के कर्मियों पर भी हमला किया। उनकी गाड़ियों को तोड़-फोड़ दिया गया। जिस व्यक्ति के घर पर यह सब हुआ, उसे तृणमूल कांग्रेस का कार्यकर्ता और राज्य के खाद्य आपूर्ति मंत्री का करीबी बताया जाता है। आखिरकार जांच दल को बिना किसी कार्रवाई के वापस लौटना पड़ा। हालांकि पश्चिम बंगाल में यह पहली और अनोखी घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार जांचों में बाधा डालने, जांच दल को रोकने के प्रयास हुए हैं। करीब पांच वर्ष पहले सारदा चिटफंड घोटाले में राज्य के तत्कालीन पुलिस आयुक्त से पूछताछ के लिए सीबीआइ के अधिकारी पहुंचे थे, तब राज्य पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। उस जांच के विरोध में तो मुख्यमंत्री खुद रात भर धरने पर बैठी रहीं। पिछले कुछ वर्षों से विपक्षी दल केंद्र सरकार पर आरोप लगाते रहे हैं कि वह बदले की भावना से उनके खिलाफ जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है। इस आधार पर वे जांचों में सहयोग करने से भी बचते रहे हैं। मगर पश्चिम बंगाल में जिस तरह जांच एजेंसियों का विरोध किया जा रहा है, वह अभूतपूर्व है। इससे यही जाहिर होता है कि राज्य सरकार को कानून पर भरोसा नहीं है। वह लाठी के बल पर अपने को सही साबित करने में यकीन करती है। राशन घोटाले में जांच का सिलसिला काफी समय से चल रहा है। आरोप है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीबों को बांटे जाने वाले राशन का करीब तीस फीसद हिस्सा खुले बाजार में बेच दिया गया और उसका लाभ बिचौलियों ने आपस में बांट लिया। अगर राज्य सरकार और उसके पार्टी समर्थकों को लगता है कि वे बेदाग हैं, तो उन्हें अपने पक्ष में सबूत और तर्क पेश करने चाहिए। इस तरह लाठी-डंडे के जोर पर वे कब तक हकीकत पर पर्दा डालने में कामयाब हो सकते हैं।

**अर्ज़ किया है..!**

*तेरे आने की*
*क्या उमीद मगर*
*कैसे कह दूँ कि*
*इंतिज़ार नहीं*

-फ़िराक़ गोरखपुरी

MORARI BAPU




**जिन्दगी वही व्यक्ति बचा सकता है... जो अपने अंदर की हर अदा शांत रखना चानता है...**

## सैर सपाटा

# कश्मीर घूमने का है मन

# 6 रात के लिए इस तरह प्लान करें टूर

**कम बजट और कम छुट्टियों के बीच किसी खूबसूरत जगह पर घूमने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो भारत के ही किसी हिल स्टेशन पर जा सकते हैं। कश्मीर को भारत का स्वर्ग कहा जाता है। घूमने का शौक रखने वाले कई लोग एक बार कश्मीर जाने की इच्छा रखते हैं। सर्दी के मौसम में बर्फबारी के बीच कश्मीर जाने की प्लानिंग कर रहे हैं और सोच रहे हैं कि कहां घूम सकते हैं? कश्मीर तक का सफर कैसे करना है? या कश्मीर में कहां घूमें, तो यहां देखिए 6 रात 7 दिन के लिए कश्मीर टूर कैसे प्लान करें।**



### पहला दिन

सुबह के समय श्रीनगर के लिए उड़ान भरें और शाम को शिकारा की सवारी के लिए डल झील जाएं।

### दूसरा दिन

सुबह शंकराचार्य मंदिर जाएं और श्रीनगर को एक्सप्लोर करें और शॉपिंग के लिए जाएं। यहां की फेमस केसर और पश्मीना शॉल भी खरीदें।

### तीसरा दिन

पहलगाम जाएं, आप टैक्सी से यहां जा सकते हैं। यह श्रीनगर से 2 घंटे की ड्राइव पर है। इस दिन आप घुड़सवारी के लिए जाएं।

### चौथा दिन

पहलगाम एक्सप्लोर करने के लिए एक टैक्सी किराए पर लें। इसका पूरे दिन का किराया लगभग 3.5 से 4 हजार होगा। इस दिन आप बेहद खूबसूरत घाटियों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

### पांचवा दिन

गुलमर्ग जाएं। यहां काफी ज्यादा सर्दी होती है। ऐसे में यहां से सर्दियों के कपड़े एक या दो दिन के लिए किराए पर ले सकते हैं। गुलमर्ग पहुंचने के लिए आपको लगभग 3 घंटे चाहिए।

### छठे दिन

गोंडोला की सवारी के लिए जाएं। ये सवारी आपको पहाड़ों की चोटी पर ले जाएगी, जहां से आप खूबसूरत नजारों को देख सकते हैं।

### सांतवे दिन

श्रीनगर वापस जाएं और अपने शहर के लिए उड़ान भरें।

Highlights

1. It's unacceptable: Maldives Foreign Minister on derogatory remarks about PM Modi, India
2. CM Mohan Extends Birthday Wishes to Controversial MP Brij Bhushan
3. Anand Mahindra's post on cleanliness lessons triggers internet
4. Seismic Activity: 4.3 magnitude earthquake strikes Bay of Bengal
5. Controversial Statement by Bihar MLA on Ayodhya Ram Temple

# DLF sells luxury residences in Privana South in Gurugram for over ₹7,200 crore ahead of official launch

**NEW DEIHI, (Agency).** Real estate major DLF said on January 8 that it has sold more than 1000 luxury housing units that are part of its latest offering Privana South in Gurugram, for ₹7200 crore, within three days of pre-launch.

In a regulatory filing, DLF announced "pre-formal launch sales of approximately ₹7,200 crore for its latest luxury residential development, DLF Privana South in Gurugram."

Spread across about 25 acres (about 10 hectares) in Sectors 76 and 77, Gurugram, this luxury residential offering by DLF was sold out within 72 hours, in its pre-launch phase, the company said in a regulatory filing.

In 2023, the company had launched a high-rise luxury housing project The Arbour after almost a decade that had witnessed pre-formal launch sales of more than ₹8,000 crore. It was sold out completely before the official launch.

The enclave will comprise



1,113 luxury residences across seven towers. These would be 4 BHK apartments and penthouses. 'DLF Privana South' will be part of a larger development, DLF Privana spread over approximately 116 acres in Sectors 76 and 77, the company said.

The project offers views of the verdant Aravalli Range and in the vicinity of the upcoming Safari Park spread over 10,000 acres.

"DLF Privana South is the latest addition to our esteemed portfolio of luxury residences. The swift pre-launch sellout serves as a testament to the increasing demand for high-rise luxury developments by DLF, delivering the highly aspirational DLF lifestyle. To discourage bulk bookings, each buyer was allotted only one unit, with about 25% of the sales coming from Non-Resident Indians (NRIs), and a booking amount of ₹50 lakh, as opposed to the industry standard of ₹10 lakh," said Aakash Ohri, Joint Managing Director and Chief Business Officer, DLF Home Developers Ltd.

# Northeast, Hindi heartland emerging as new e-commerce hotspots: Study

**NEW DEIHI, (Agency).** Northeastern states and Hindi heartland are emerging as the country's new e-commerce hotspots, a study conducted by consulting firms Kearney and Meesho has found. In the Hindi heartland, the study said, Uttar Pradesh cities such as Gorakhpur, Noida, Prayagraj (formerly Allahabad), and Varanasi; and Jharkhand's Jamshedpur



and Ranchi, are 'increasingly taking to online shopping.' This is because of increasing disposable incomes and consumer appetite for varied options and styles, it added. Northeast, on the other hand, has cities such as Agartala (Tripura), Imphal (Manipur), Shillong (Meghalaya) and Silchar (Assam) where people are 'digitally savvy,' can navigate online apps with ease, and are comfortable shopping on the internet. The e-commerce boom in the region can be attributed to the restricted presence of offline retail stores, which, in turn, is due to the geographical build of certain areas that makes it difficult for offline retailers to open shops. "Also, consumers in the northeastern states have been early adapters of many cultural trends, including the Korean cultural wave. Evolving demand here is typically not serviced well by the limited presence of retail, which encourages digitally astute consumers to shop online," an analyst was quoted as saying.

# एमजी रोड और जवाहर मार्ग होंगे वन-वे, लागू हुई नई व्यवस्था

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। **एमजी रोड और जवाहर मार्ग आठ जनवरी से वन-वे हो गए। अब वाहन बड़ा गणपति से कृष्णपुरा छत्री की तरफ जा तो सकेंगे लेकिन उन्हें इस मार्ग से वापस आने की अनुमति नहीं रहेगी। इसी तरह जवाहर मार्ग पर वाहन राजमोहल्ला से संजय सेतु तक तो जा सकेंगे लेकिन इसी मार्ग से वापस आने की अनुमति नहीं रहेगी।**

जवाहर मार्ग पर राजमोहल्ला से संजय सेतु तक की 1.8 किमी लंबी और एमजी रोड पर कृष्णपुरा पुल से बड़ा गणपति तक करीब 1.7 किमी सड़कें वन-वे हो जाएंगी। इन दोनों प्रमुख मार्गों को 40 से ज्यादा लिंक रोड (छोटी सड़कें) जोड़ती हैं। इन लिंक रोड पर सामान्य आवाजाही हो सकेगी। सोमवार सुबह 10 बजे महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त यातायात प्रबंधन मनीष कुमार अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात प्रबंधन अरविंद तिवारी सहित अन्य ने इस व्यवस्था का शुभारंभ किया। रविवार को ही पुलिस परेड ग्राउंड डीआरपी लाइन में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अग्रवाल ने यातायात व्यवस्था में लगने वाले बल को दिशा निर्देश दिए गए थे।

गौरतलब है कि शहर के बिगड़ते यातायात को देखते हुए चार दिन पहले ही इस बारे में हुई बैठक में एमजी रोड और जवाहर मार्ग के कुछ हिस्सों को एकांकी मार्ग करने का निर्णय लिया गया। वर्तमान में एमजी रोड पर दोनों तरह से वाहनों की आवाजाही होने से गोराकुंड, राजवाड़ा, टोरी कार्नर आदि जगह दिनभर जाम की स्थिति रहती है। इसी तरह जवाहर मार्ग पर भी नर्सिंह चौराहा, मालगंज चौराहों पर जाम लगता है। प्रारंभिक रूप से मार्गों को एकांकी करने की व्यवस्था एक सप्ताह के लिए की जा रही है। इसके बाद इसका विश्लेषण कर इसे स्थायी किया जाएगा।



### पहले भी हो चुके हैं ऐसे प्रयोग

एमजी रोड और जवाहर मार्ग की यातायात व्यवस्था को सुधारने के प्रयोग इसके पहले भी हो चुके हैं। जवाहर मार्ग को पहली बार एकांकी मार्ग किया जा रहा है जबकि एमजी रोड को पहले भी एकांकी किया जा चुका है। गोराकुंड चौराहा से राजवाड़ा तक एकांकी मार्ग ही था, लेकिन इस सडक़ के चौडीकरण के बाद वाहन चालक स्वत: ही राजवाडा से खजूरी बाजार होते हुए गौराकुंड तक जाने लगे थे। सोमवार से इस मार्ग को एकांकी करने के बाद जाम की समस्या से राहत मिलने की उम्मींद है।

# कार ने ली किसान की जान

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। **इंडेक्स कॉलेज के पास हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई। जबकि दोस्त घायल हुआ है। बताया जाता है कि उसकी भाभी को डिलीवरी होने के चलते इंदौर के अस्पताल में भर्ती किया गया था। यहीं से बाइक सवार वापस अपने घर आ रहा था। इसी दौरान उसे कार ने टक्कर मार दी।**

खुड़ैल पुलिस के मुताबिक घटना रविवार रात की है। पंकज 32 पुत्र गोवर्धन सोलंकी निवासी ग्राम पुयांडला खुड़ैल बाइक से अपने दोस्त के साथ एमटीएच अस्पताल से होकर घर जाने के लिये निकला। इस दौरान इंडेक्स अस्पताल के पास उसे एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी।

हादसे के बाद कार ड्राइवर गाड़ी लेकर फरार हो गया। दोनों दोस्तों को उपचार के लिये एमवाय भेजा गया। यहां पंकज की मौत हो गई। जबकि साथी का अन्य अस्पताल में उपचार चल रहा है। परिवार के मुताबिक पंकज पेशे से किसान है। परिवार में एक भाई अजय है उसी की पत्नी की डिलीवरी को लेकर पंकज एमटीएच अस्पताल गया। पुलिस कार की तलाश कर रही है।

### मिनी ट्रक पलटा, ड्राइवर घायल

खजराना इलाके में देर रात एक मिनी ट्रक पल्टी खा गया। जिसमें ड्राइवर घायल हुआ है। बताया जाता है कि वह एक कंस्ट्रक्शन साइट पर गया। इस दौरान मलबा डालने पर हादसा हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना खजराना चौराहे के पास की है। यहां निजी कंपनी की एक साइट बन रही है। जिसमें मिनी ट्रक से ड्राइवर मिट्?टी डालने पहुंचा। तभी गाड़ी रिवर्स लेने के दौरान पलटी खा गई। इस हादसे में ड्राइवर घायल हुआ है। उसे उपचार के लिये कंपनी के लोग निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

## मासूम से अश्लील हरकत, किशोर पर केस

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट इंदौर।** महू के कोतवाली थाना इलाके में रहने वाली 6 साल की बच्ची के साथ उसी के मोहल्ले में रहने वाले 15 साल के किशोर ने अश्लील हरकत की। मामले में शनिवार देर रात को कोतवाली पुलिस ने 15 वर्षीय युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दरअसल, महू थाना प्रभारी संजय द्विवेदी ने बताया कि खान कॉलोनी में एक ही समुदाय के किशोर ने 6 साल की बालिका के साथ अश्लील हरकत की थी। बालिका का मेडिकल करवा कर किशोर को हिरासत में ले लिया है। जिसे रविवार को इंदौर बाल न्यायालय में पेश भी किया जाएगा। मामले में देर रात्रि बालिका के परिवार वाले भी सिविल अस्पताल पहुंच गए थे।




### दूसरी मंजिल गिरा दो साल का बच्चा,गंभीर

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। विजयनगर इलाके में एक दो साल का बच्चा दूसरी मंजिल का नीचे आ गिरा। वह घर पर अपनी मां के साथ मौजूद था। बताया जाता है कि रैलिंग पर चढऩे के दौरान वह नीचे गिर गया। विजयनगर पुलिस के मुताबिक घटना रविवार शाम 5 बजे के लगभग की है। दो साल का यश पुत्र सतीश साठे निवासी अंजनी नगर भमोरी अपने घर की दूसरी मंजिल से नीचे आ गिरा। उसे गंभीर हालत में सीएचएल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां यश वेटीलेटर पर है। पिता सतीश के मुताबिक घर पर पत्नी ओर बेटे मौजूद थे। वह बालकनी के पास खेल रहा था। पत्नी किचन में सामान लेने पहुंची। इस दौरान यश रैलिंग पर चढ़ गया। तभी नीचे झुकने के दौरान वह गिर गया। आसपास के लोगो ने शोर मचाया। सतीश निजी कंपनी में काम करते है। यहां किराये के घर में रहते है। यश उनका इकलौता बेटा है।

## अपने ही बेटे पर फेंका कुकर का गर्म पानी

**नाबालिग ने पिता पर दर्ज कराई एफआईआर, गिरफ्तार**

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** चंदन नगर में एक 16 साल के बेटे को मां से अपने पिता को विवाद करते रोकना मंहगा पड़ गया। गुस्साए पिता ने बेटे के ऊपर कुकर का गर्म पानी फेंक दिया। इससे बेटे का चेहरा बुरी तरह झुलस गया। उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने बेटे की शिकायत पर पिता के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। घटना रविवार शाम की है। पुलिस के मुताबिक 16 साल के आयुष ने बताया कि वह 8 वीं कक्षा का छात्र है। उसके पिता राजकुमार प्रजापत मां से खाना बनाने की बात को लेकर विवाद करने लगे। विवाद काफी बढ़ गया तो पापा ने मां के साथ हाथा पाई शुरू कर दी। इस दौरान वह बीच बचाव करने पहुंच गया। तभी पिता ने उसे अपशब्द कहे। इसके बाद वह किचन के पास गए। यहां गैस पर कुकर में पानी गर्म हो रहा था। उन्होंने कुकर उठाकर बेटे के सिर पर फेंक दिया। जिससे उसका चेहरा बुरी तरह झुलस गया। बेटे की चीख सुनकर मां रंजिता दौड़ती हुई आई। इसके बाद पिता जान से मारने की धमकी देते हुए बाहर की तरफ भाग गए। मां नजदीक के अस्पताल लेकर आई। इसके बाद थाने आकर केस दर्ज कराया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक